रौल नं०............................नाम परीक्षार्थी..........................................

IX-10 वार्षिक परीक्षा सन् 2024 ई० A

# सामाजिक विज्ञान (केवल एक प्रश्न–पत्र)

समय – 3 घण्टा 15 मिनट कक्षा – 9 पूर्णांक – 70

निर्देश:–प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

नोट:–(i) यह प्रश्न प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड–क एवं खण्ड–ख (ii) खण्ड–क में 20 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं (iii) खण्ड–ख में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख दिये गये हैं।

## खण्ड–क बहुविकल्पीय प्रश्न

सभी प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए।

1. रोमन कैथोलिक चर्च के सबसे बड़े अधिकारी कौन होते थे :– 1
(क) पादरी (ख) पोप (ग) रोमनवासी (घ) सम्राट।

2. रूस में 'खूनी रविवार' की घटना कब हुई थी :– 1
(क) 1904 ई. में (ख) 1905 ई. में (ग) 1906 ई. में (घ) 1917 ई. में।

3. हिटलर जर्मनी का चांसलर कब बना :– 1
(क) 30 जनवरी, 1929 ई. को (ख) 28 फरवरी, 1933 ई. को
(ग) 30 जनवरी, 1933 ई. को (घ) 3 मार्च, 1933 ई. को।

4. स्थानान्तरी कृषि का एक अन्य नाम है :– 1
(क) झूम कृषि (ख) रोपण कृषि (ग) गहन कृषि (घ) मिश्रित कृषि।

5. चरवाहा कबीला है :– 1
(क) भोटिया (ख) शेरपा (ग) किन्नौरी (घ) यें सभी।

6. लोकतंत्र किस यूनानी शब्द से निकला है :– 1
(क) डेमोक्रेट (ख) डेमोक्रेटी
(ग) डेमोक्रेशिया (घ) इनमें से कोई नहीं।

7. निम्न में कौन–सा तत्व भारतीय संविधान की भावना के विपरीत है :– 1
(क) स्वतंत्रता (ख) समानता (ग) धर्मनिरपेक्षता (घ) साम्प्रदायिकता

8. भारत में लोकसभा का पहला आम चुनाव कब हुआ :– 1
(क) सन् 1950 में (ख) सन् 1951 में (ग) सन् 1952 में (घ) सन् 1955 में।

9. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों को पदमुक्त करने का अधिकार है :– 1
(क) संसद को (ख) राष्ट्रपति को (ग) उपराष्ट्रपति को (घ) राज्यपाल को

10. भारतीय संविधान के 44वें संशोधन द्वारा किस मूल अधिकार को हटा दिया गया है :– 1
(क) समानता का अधिकार (ख) स्वतंत्रता का अधिकार
(ग) शोषण के विरूद्ध अधिकार (घ) सम्पत्ति का अधिकार।

11. भारत की स्थलीय सीमा कितनी लम्बी है :– 1
(क) 7,516.6 किमी (ख) 3800 किमी (ग) 15200 किमी (घ) 2,745 किमी

12. विश्व की सबसे ऊँची पर्वत श्रेणी कौन–सी है :– 1
(क) हिमालय (ख) आल्पस (ग) एण्डीज (घ) विन्ध्याचल।

13. अधिकतर प्रायद्विपीय नदियाँ हैं :– 1
(क) बर्फीली (ख) छहमासी (ग) मौसमी (घ) बारहमासी।

14. भारत की जलवायु को कहा गया है :– 1
(क) मानसूनी जलवायु (ख) गर्म जलवायु (ग) ठण्डी जलवायु (घ) शुष्क जलवायु

15. बिहार का प्रति वर्ग किमी जनघनत्व (सन् 2011 में) है :– 1
(क) 1102 (ख) 980 (ग) 1024 (घ) 924

16. उत्पादन के लिए क्या आवश्यक है :– 1
(क) भूमि (ख) श्रम (ग) पूँजी (घ) ये सभी।

(पृष्ठ पलटिए)

17. मानव पूँजी निर्माण होता है :- 1
(क) शिक्षा के निवेश से
(ख) प्रशिक्षण में निवेश से
(ग) चिकित्सा के निवेश से
(घ) ये सभी।

18. असुरक्षा किसके प्रति एक माप है :- 1
(क) निर्धनता के पति
(ख) संभावना के प्रति
(ग) व्यवसाय के प्रति
(घ) इन सभी के प्रति।

19. 'पावर्टी एण्ड फैमिंस'' के लेखक हैं :- 1
(अ) रॉबर्टसन
(ब) पीगू
(स) प्रो. अमर्त्यसेन
(द) जे.के. मेहता

20. बंगाल के अकाल में लगभग कितने लोग मारे गए थे :- 1
(क) 20 लाख (ख) 30 लाख (ग) 40 लाख (घ) 50 लाख।

## खण्ड–ख (वर्णात्मक प्रश्न)

### उपखण्ड–अ

21. 'अक्टूबर की क्रान्ति' का क्या अभिप्राय है? 4

**अथवा**

भारत के कुछ चरवाहा कबीलों के नाम लिखिए।

22. एक आदर्श लोकतंत्र का निर्माण कैसे होता है? 4

**अथवा**

लोकसभा राज्यसभा से शक्तिशाली क्यों है?

23. बांगर और खादर में अन्तर बताइए। 4

**अथवा**

क्या कारण है कि चेरापूँजी में अत्यधिक वर्षा होती है?

24. 'बेरोजगारी' शब्द की आप कैसे व्याख्या करेंगे? 4

**अथवा**

भारत में खाद्य सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाती है?

### उपखण्ड – ब

25. 1917 ई. की रूस की क्रान्ति के कारणों का विश्लेषण कीजिए। 6

**अथवा**

वनों के अधीन क्षेत्र बढ़ाने की क्या आवश्यकता है? कारण बताइए।

26. संविधान से क्या आशय है? हमें संविधान की आवश्यकता क्यों है? 6

**अथवा**

समानता के अधिकार की विवेचना कीजिए।

27. बताइए, हिमालय का निर्माण कैसे हुआ था? 6

**अथवा**

भारत में कितने क्षेत्रफल पर वन पाए जाते हैं? इनके विभिन्न लाभों पर प्रकाश डालिए।

28. पालमपुर गाँव में किस प्रकार कृषि कार्य किए जाते हैं? इस सम्बन्ध में मुख्य बातें बताइए। 6

**अथवा**

हरित क्रान्ति का क्या अर्थ है? भारत को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाने में हरित क्रान्ति का क्या योगदान है? स्पष्ट कीजिए।

### (मानचित्र कार्य)

निम्नलिखित को दिये गए भारत के मानचित्र में उपयुक्त चिन्हों द्वारा नाम सहित प्रदर्शित कीजिए:- 10

29. (क) राजस्थान के मरूस्थल का नाम ——
(ख) उत्तर प्रदेश की राजधानी ○
(ग) गुजरात में स्थित खाड़ी का नाम ▬ ▬
(घ) भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक बन्दरगाह ●
(ङ) भारत के पश्चिमी घाट से पूर्वी घाट तक बहने वाली एक नदी का नाम ⬡

नाम परीक्षार्थी.............................................अनुक्रमांक...........................

कृपया इस पन्ने को काटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में सही ढंग से संलग्न करें।

